‘अप्प दीपो भव’

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2016
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.11.2016
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रुपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज ;राम राजद्ध चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 19 ● अंक 24 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 नवंबर, 2016

आजतक और अन्य चैनलों पर प्रसारित डॉ. उदित राज का बयान

खेलों में मिले आरक्षण

नई दिल्ली, 15 नवंबर, 2016.

परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि दलितों और पिछड़ों को खेल के क्षेत्र में भी आरक्षण दिया जाना चाहिए। यदि खेल के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाना है तो खेल के क्षेत्र में भी दलितों की भागेदारी होनी चाहिए। ऐसे कई देश हैं, जहाँ पर वंचितों को खेल में आरक्षण दिया जाता है यदि साउथ अफ्रीका कि बात करें तो वहां का मुख्य खेल क्रिकेट है और वहां पर अश्वेतों को आरक्षण दिया गया है जिसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। वर्तमान समय में साउथ अफ्रीका में यह कानून है कि वहां की क्रिकेट की टीम में 5 से अधिक श्वेत खिलाडी नहीं हो सकते हैं। हमारे देश में भी कहीं न कहीं क्रिकेट को सर्वमान्य जगह दी जाती है जबकि भारत में खेल के स्तर को देखते हुए यहाँ पर जल्द से जल्द आरक्षण को लागू किया जाना चाहिए। यदि वर्तमान समय में ओलम्पिक, हाकी जैसे खेलों में आरक्षण होता तो निश्चित ही हमारा देश और भी आगे होता। अब समय आ गया है कि

दलितों की भागीदारी को बढाया जाए जिसके लिए मैं 28 नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महा रैली का आयोजन कर रहा हूँ जिसके लिए पूरे देश के दलितों का आह्वाहन कर रहा हूं। यदि पूरे देश के दलित एक जुट हो जाएं तो सरकार पर दबाव बनाया जा सकता है और उन्हें उनकी भागेदारी के लिए सरकार को कदम बढ़ाना ही होगा। ✦✦✦

28 नवंबर की रैली के लिए आर्थिक सहयोग एवं अन्य निर्देश

साथियों,

क्या एक या दो दिन काम रोकने या छुट्टी ले लेने से आर्थिक हानि या आराम में फर्क पड़ जाएगा ? जबकि पूरे साल काम और धंधा करते रहते हैं। इससे न तो लोग गरीब होगें न ही आराम और पारिवारिक सुख में कमी होगी, लेकिन एक दिन सभी रामलीला मैदान, नई दिल्ली में एकत्रित हो जाएं तो ताक़तवर बनने शुरु हो जाएंगें और आने वाले दिनों में परिवार भी खुशहाल हो सकेगा। आप सभी को पता ही है कि वर्तमान में कालेधन को रोकने के अभियान के कारण 500 एवं 1000 मूल्य के पुराने नोट अमान्य हो चुके हैं। यद्यपि इस मुहिम से काले धन की रोकथाम में बड़ी सहायता मिलेगी लेकिन 28 नवंबर, 2016 को रामलीला मैदान, दिल्ली में आयोजित 19वीं महा रैली को सफल बनाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़े लोगों को अपने से नीचे के लोगों के विकास हेतु सहयोग करना चाहिए। आप लोगों में से जो इसे अपनाएं वे परिसंघ के आंदोलन का हिस्सा बने और नकद, चेक, ड्राफ्ट या सीधे बैंक खाते में सहयोग राशि प्राप्त होती ही रही है। यहां यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि हमारे आंदोलन से बहुत से अधिकार सुरिक्षत कराए गए।

परिसंघ के साथियों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक ऑनलाइन डोनेशन परिसंघ के खाते में जमा कराएं। ऑनलाइन ट्रांजेक्सन की कोई सीमा नहीं है। राष्ट्रीय कार्यालय में सुमित के पास नकद और परिसंघ के बैंक खाते में पुराने 500 और 1000 के नोटों से चंदा जमा कराया जा सकता है। खाते का विवरण नीचे छापा जा रहा है –

Customer Name: ALL INDIA CONFEDERATION OF SC/ST ORGANISATION
Account no: 30899921752, CIF No: 85626065749
Saving Bank Account State Bank of India Chandralok Building
IFSC Code: SBIN0001639

रैली हेतु संपर्क सूत्र

जिन्हें प्रचार सामाग्री नहीं मिली है, वे राष्ट्रीय कार्यालय में सुमित कुमार से सम्पर्क करके मंगवा लें और अपनी ओर से भी स्थानीय साथियों के नाम के साथ छपवाकर वितरित करें। जिन साथियों के मोबाइल नंबर, ईमेल, व्हाट्सअप, फेसबुक हमारे पास है, उन्हें सूचनाएं भेजी जाती रहती हैं। जिन्हें सूचनाएं नहीं प्राप्त हो रही हैं उनके भी विवरण भेजें, जिससे कि राष्ट्रीय कार्यालय से रैली के संबंध में सूचनाएं भेजी जा सकें। रैली में भाग लेने के लिए जो साथी रेलवे में सीटें आरक्षित करवा चुकें हैं और वेटिंग में है, विवरण ईमेल या व्हाट्सअप या एसएमएस द्वारा भेजें, जिससे कि सीटें कन्फर्म करायी जा सकें। जिन्होंने नहीं कराया है, अतिशीघ्र करवा लें। रैली में भाग लेने हेतु दिल्ली में ठहरने एवं खाने की व्यवस्था की जानकारी हेतु संजय राज मो. 9654142705, रेलवे कर्मचारी–अधिकारी सूचनाएं प्राप्त करने व अन्य जानकारी हेतु राष्ट्रीय कार्यालय में सचिन मो. 9560035350, परिसंघ से संबंधित जानकारी एवं प्रचार सामाग्री प्राप्त करने, रेलवे के पी.एन.आर. भेजने एवं अन्य जानकारी हेतु सुमित मो. 9868978306, से सम्पर्क करें। कितने साथियों के साथ रैली में भाग लेगें, यदि इसकी सूचना अग्रिम में दे दी जाए तो अच्छा रहेगा, जिससे कि ठहरने एवं खाने–पीने की व्यवस्था पहले से ही की जा सके।

AIParisangh
9899766443
@Parisangh1997
parisangh1997@gmail.com

– डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

खटीक समाज चला अम्बेडकर की ओर

खटीक समाज चला अम्बेडकर की ओर

खटीक समाज जागरूकता संघर्ष संघ 8 नवंबर, 2016 को मावलंकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में 12 प्रांत के प्रदेशों के खटीक समाज के गौरवशाली प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने सभा को संबोधित किया और इन्होंने कहा कि पूरी जिंदगी दबे-कुचलों व गरीबों की लड़ाई लड़ता रहा। 1997 में तीन आरक्षण विरोधी आदेश जारी हुए थे जिसमें से तीन हमारे आंदोलन की बदौलत वापिस हुए। अगर ऐसा न किया होता तो इस देश के दलित समुदाय की हालत और भी बुरी होती। तो इस समुदाय को भी अपनी लड़ाई को खुद लड़ने की तरह समझकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे आपका अपना संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके। हम सम्पूर्ण दलित समाज के अधिकारों को सुरक्षित कराने के लिए तत्परता से कदम आंदोलन के मैदान में डटाए रखे हैं। इस दलित-खटीक समुदाय के बारे में भी लोक सभा में जिन-जिन प्रदेशों में अनुसूचित जाति में खटीक जाति शामिल नहीं की गयी है, उसे अतिशीघ्र शामिल कर संवैधानिक अधिकार मुहैया कराए जाएं।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय संजय राज खटीक एवं राष्ट्रीय महासचिव - इन्द्रेश चन्द्र खटीक पूरे देश के सम्पूर्ण खटीक समाज के संगठनों को एक जुटकर उनके अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित करेगा। चाहे वह पूरे देश में अनुसूचित जाति की बात हो या देश में समान शिक्षा की बात हो या भूमिहीनों को भूमि दिलाने की बात हो। इन सभी गंभीर मुद्दों को एक प्रतिज्ञा के तौर पर तत्परता से संघर्ष कर अपने पाले में सुनिश्चित करेगा। चाहे हमें देशव्यापी आंदोलन करना पड़े या केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों से टकराना पड़े। हम वे सभी संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करके रहेंगे। अतिशीघ्र यह संगठन देश व्यापी बड़ा आंदोलन का रुख लेने जा रहा है।

परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज को आश्वसन दिलाया गया कि आगामी 28 नवंबर, 2016 को रामलीला मैदान, दिल्ली में दलित अधिकारों के लिए आयोजित महारैली में खटीक समाज बढ़-चढ़कर भागीदारी लेगा।

- इन्द्रेश चन्द्र खटीक
9650206337

+++

आगामी रैली से संबंधित हैंडबिल का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

All India Confederation of SC/ST Organisations

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ

के तत्वावधान में

19वीं महा रैली

28 नवंबर, 2016
रामलीला मैदान, नई दिल्ली

डॉ. उदित राज
पूर्व आई.आर.एस.
राष्ट्रीय अध्यक्ष

साथियो,

हम दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ों की समस्या केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। सरकार किसी की हो समस्याएं कम और ज्यादा के रूप में रहेगीं ही। जहां दलित मुख्यमंत्री रहे हैं, वहां भी अत्याचार होते थे। 1997 में जब सामाजिक न्याय की सरकार केन्द्र में थी तो पांच आरक्षण विरोधी आदेश जारी हुए थे। बाबा साहब ने कहा था कि राजनैतिक जनतंत्र तभी सफल होगा जब सामाजिक जनतंत्र कायम होगा और इसके लिए सामाजिक परिवर्तन - जैसे बौद्ध धम्म की दीक्षा, पाखंड का त्याग, जातिविहीन समाज, कम से कम दलितों में जात-पांत का खात्मा आदि। इससे यह बात समझ में आ जानी चाहिए कि हर हाल में हजारों वर्षों की असमानता और शोषण से हम सभी को स्वयं तो लगातार लड़ना ही होगा, सरकार चाहे जिसकी हो। मां-बाप ने जन्म दिया लेकिन आरक्षण बाबा साहब के प्रयास से मिला। आरक्षण केवल अपने उपभोग के लिए ही नहीं है, बल्कि संघर्ष करने के लिए। इसलिए चाहे मंत्री हों या सांसद या प्रधान या अधिकारी-कर्मचारी सभी समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिनिधि हैं। झज्जर (हरियाणा) में गाय की खाल की खातिर 5 दलितों को मौत के घाट उतार दिया गया और हाल में उना (गुजरात) में क्या हुआ, हम सभी जानते हैं। अभी भी हमें कुछ लोग जानवरों से बदतर समझते हैं।

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का गठन 1997 में 5 आरक्षण विरोधी आदशों की वापिसी के लिए हुआ और उसके बाद धरना-प्रदर्शन व आंदोलन शुरू हुआ। 11 दिसंबर, 2000 को रामलीला मैदान, दिल्ली की रैली आज़ाद भारत की सबसे बड़ी रैलियों में से एक थी और सरकार पर दबाव बना जिसकी वजह से 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधन हुए और छिने अधिकार वापिस मिले। 4 नवंबर, 2001 को लाखों लोगों को बौद्ध धम्म की दीक्षा दिलाई। निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संघर्ष की शुरुआत हमने ही की। 2006 में सुप्रीम कोर्ट में नागराज के नाम से मशहूर मुकदमा जो 85वें संवैधानिक संशोधन से संबंधित था, की पैरवी हमने ही की और जीते। पिछड़ों को उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के खिलाफ सवर्णों के आंदोलन का भरपूर विरोध किया और इस अधिकार को लेकर रहे। अन्ना हजारे के आंदोलन के कारण जो लोकपाल बिल बन रहा था हमने बहुजन लोकपाल बिल पेश करके उसमें आरक्षण कराया। वरना दलितों व पिछड़ों को जातीय आधार पर फर्जी मामले में फंसाने का यह सबसे बड़ा प्लेटफार्म बनता। 2008 में तत्कालीन उ0प्र0 की मुख्यमंत्री सुश्री मायावती द्वारा आदेश जारी किया गया कि अनुसूचित जाति/जन जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत 22 अपराधों में से सिर्फ बलात्कार एवं हत्या के मामले ही दर्ज किए जाएंगें, शेष मामलों में यह एक्ट नहीं लगेगा। तब हमने इलाहाबाद हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके इसे दुरुस्त कराया। इस अधिनियम में दिसंबर 2015 में संसद में संशोधन हुआ और अब 123 प्रकार के अपराध इसमें शामिल हैं।

पदोन्नति में आरक्षण का विधेयक संसद से पास होना है। आशा थी कि अब तक हो जाना चाहिए था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इसे कराने के लिए महासंघर्ष करना पड़ेगा। जब से डॉ. उदित राज सांसद बने हैं, कोई अवसर नहीं छोड़ा, सवाल उठाने का और शायद ही कोई और सांसद इतना किया होगा (इसे बेबसाइट www.uditraj.com/gallery/video vkSj www.youtube.com/user/druditraj पर देखा जा सकता है)। निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संसद में डॉ0 उदित राज ने प्राइवेट मेंबर बिल प्रतिस्थापित किया है। निजी क्षेत्र में आरक्षण क्या सवर्णों को चाहिए ? डॉ. उदित राज ने अपना काम कर दिया है, समाज क्यों सो रहा है ? क्यों नहीं लाखों-करोड़ों सड़क पर उतरते और सभी दलों पर दबाव डलवाकर संवैधानिक संशोधन कराकर निजी क्षेत्र में आरक्षण का अधिकार लें। आउट सोर्सिंग, ठेकेदारी और एडहाक नियुक्ति के जरिए आरक्षण लगभग आधा खत्म किया जा चुका है। इसके खिलाफ तो संघर्ष करना ही है लेकिन बिना निजी क्षेत्र में आरक्षण लिए गुजारा नहीं होगा। खाली पदों पर भर्ती, ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति, एक राज्य के जाति प्रमाण-पत्र की सभी राज्यों में मान्यता, समान शिक्षा, सफाई कर्मचारियों का नियमितीकरण आदि मांगों को लेकर 28 नवंबर, 2016 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे भारी संख्या में विशाल रैली में शामिल होकर ऐसा कर दिखाएं कि यह अधिकार मिलकर रहे।

निवेदक

ब्रह्म प्रकाश, परमेन्द्र, विनोद कुमार, रवीन्द्र सिंह, एन.डी. राम, रामनंदन राम (दिल्ली), जगजीवन प्रसाद, धर्म सिंह, केदारनाथ, सुशील कुमार, नीरज चक, निर्देश कुमारी (उ.प्र.), सिद्धार्थ भोजने, दीपक तभाने, संजय कांबले, सिद्धार्थ कांबले, सूर्यकांत किवांडे (महाराष्ट्र), एस.पी. जरावता, डॉ. मुख्तियार सिंह, महासिंह भूरानिया (हरियाणा), तरसेम सिंह, दर्शन सिंह चंदेढ़, रोहित सोनकर (पंजाब), विश्राम मीना, रंजीत मीना, एम.एल. रासु, मुकेश मीना (राजस्थान), हरिश्चंद आर्या (उत्तराखंड), आलेख मलिक, डी.के. बेहरा (उड़ीसा), परमहंस प्रसाद, नरेन्द्र कुमार (म.प्र.), रामूभाई वाघेला, एन.जे. परमार, नवल सोलंकी (गुजरात), एस. करुपइया, पी.एन. पेरुमल (तमिलनाडु), के. कृष्णन कुट्टी, बाला कृष्णन (केरल), मधु चन्द्रा (मणिपुर), के. महेश्वर राज, प्रकाश राठौर, जे. बी. राजू (तेलंगाना), डॉ. श्याम प्रसाद (आंध्र प्रदेश), अनिल मेश्राम, हर्ष मेश्राम (छ.ग.), कमल कृष्ण मंडल, रामेश्वर राम, सपन हलदर, विश्वजीत साह (प. बंगाल), मधुसूदन कुमार, दिनेश कुमार, एल.एम. ओरांव (झारखंड), आर.के. कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), मदन राम, कुमार धीरेन्द्र, शिवधर पासवान (बिहार), जे. श्रीनिवासलू, चन्नप्पा (कर्नाटक), सीताराम बंसल (हि.प्र.), प्रदीप बास्फोर (असम).

AIParisangh
9899766443
@Parisangh1997
parisangh1997@gmail.com

Corres.: T-22, Atul Grove Road, Connaught Place, New Delhi-1
Tel: 011-23354841-42, 09013869549 Telefax: 011-23354843

रैली की सफलता हेतु आरक्षण बचाओ रथ यात्रा

अनुसूचित जाति /जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने आरक्षण बचाओ यात्रा का शुभारम्भ किया है। आरक्षण बचाओ यात्रा डॉ. उदित राज के नेतृत्व में दिल्ली के लगभग सभी प्रमुख स्थानों नई दिल्ली, करोल बाग, चांदनी चौक, केशवपुरम, नजफगढ़, दक्षिणी दिल्ली, मयूर विहार और शाहदरा से होते हुए निकाली जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति, दिल्ली सरकार द्वारा लाखों कर्मचारियों को पक्का कराने, दलित उत्पीडन के खिलाफ एवं दलितों के सशक्तिकरण हेतु उन्हें जागरुक करना और 28 नवंबर, 2016 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आयोजित महा रैली में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित करना है।

डॉ. उदित राज का कहना है कि लगातार आरक्षण को समाप्त किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। जब कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए, यदि दलितों और वंचितों से उनका एक मात्र आरक्षण का अधिकार भी छीन लिया जायेगा तो उनका विकास कैसे हो पायेगा और वह समय होने लगी। आज समय आ गया है कि बाबा साहेब के सपने को पूरा करने के लिए हमे अपने संघर्ष को आन्दोलन के रूप में लड़ना होगा। दलितों के लिए सिर्फ एक ही चुनौती नहीं है कि सिर्फ आरक्षण बचाना है बल्कि निजी क्षेत्र में भी आरक्षण को लागू किया जाये उसके

के साथ और पिछड़ते चले जायेंगे। दलितों को पिछड़ेपन और गुलामी में जकड़े हुए हजारों वर्ष हो चुके हैं। आज हम आजाद भारत के नागरिक जरुर कहलाते हैं लेकिन जब दलितों की स्थिति की बात आती है तो जस कि तस बनी हुई है। यदि दलितों को अपनी स्थिति बेहतर करनी है तो आरक्षण को बचाने के लिए उन्हें हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चलना होगा। आज बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर हमारे साथ नहीं हैं लेकिन उनके विचार आज भी जीवंत हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में हमारे लिए बहुत कुछ किया है लेकिन उसके बाद फिर दलितों की स्थिति बदतर लिए भी अपनी आवाज़ को बुलंद करना होगा। अगर आज निजी क्षेत्र में आरक्षण होता तो सभी क्षेत्रों में इनकी भागेदारी होती। जिन क्षेत्रों में आरक्षण नहीं है, जैसे व्यवसाय, कला एवं संस्कृति, फिल्म-मीडिया, आयात-निर्यात आदि में इनकी भागेदारी नगण्य है। लेकिन यह सब अभी भी किसी सपने से कम नहीं है। यदि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को गन्दगी से निकल कर अपने जीवन को बेहतर बनाना है तो उन्हें इस महा रैली में अवश्य ही भाग लेना चाहिए। दलितों को अपने वजूद को दिखाने का इससे बेहतर मौका नहीं मिलेगा।

✦✦✦

28 नवंबर, 2016 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में अजा/जजा परिसंघ की रैली में आने-जाने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त कोच की व्यवस्था रेलवे ने की है। परिसंघ के नेता संबंधित अधिकारियों से मिलकर अतिरिक्त कोच लगवाने की व्यवस्था कर लें

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
रेलवे बोर्ड (RAILWAY BOARD)

FAX/POST COPY
ISSUED ON 02.11.2016

THE GENERAL MANAGERS (OPTG.)	COPY TO:-
CR/MUMBAI	CPTM/CR/MUMBAI
ECR/HAJIPUR	CPTM/HAJIPUR
ECOR/BHUBANESWAR	CPTM-BHUBNESHWAR
ER/KOLKATA	CPTM/ER/KOLKATA
NR/NEW DELHI	CPTM/NEW DELHI
NER/GORAKHPUR	CPTM/NER/GORAKHPUR
NWR/JAIPUR	CPTM-NWR/JAIPUR
NCR/ALLAHABAD	CPTM/NCR/ALLAHABAD
NFR/GUWAHATI	CPTM/NFR/GUWAHATI
SR/CHENNAI	CPTM/SR/CHENNAI
SWR/HUBLI	CPTM/SWR/HUBLI
SECR/BILASPUR	CPTM/SECR/BILASPUR
SCR/SECUNDERABAD	CPTM/SCR/SOUTH CENTRAL RAILWAY
SER/KOLKATA	CPTM/SER/KOLKATA
WR/MUMBAI	CPTM/WR/MUMBAI
WCR/JABALPUR	CPTM/WCR/JABALPUR

NO.91/CHG.II/G3/NF/5 PT-II () DR. UDIT RAJ, MP, NATIONAL CHAIRMAN, ALL INDIA CONFEDERATION OF SC/ST ORGANISATIONS HAS REQUESTED FOR ATTACHING EXTRA COACHES FOR ALL INDIA CONFEDERATION OF SC/ST ORGANISATIONS DELEGATES ATTENDING THEIR CONVENTION AT NEW DELHI ON 28.11.2016 () MINISTRY OF RAILWAYS DESIRES THAT RAILWAYS MAY CONSIDER THE REQUEST OF SHRI UDIT RAJ ON FULL TARIFF RATES SUBJECT TO OPERATIONAL FEASIBILITY AND AVAILABILITY OF REQUIRED COACHING STOCK () IT SHOULD BE ENSURED THAT ALL THE NECESSARY COMMERCIAL FORMALITIES INCLUDING REALISATION OF DETENTION, HAULAGE CHARGES AS PER EXTANT RULES, ARE COMPLETED BEFORE STARTING THE JOURNEY BY THE PARTY () TAKE ACTION ACCORDINGLY AND CONFIRM () GUHA RAILWAYS ()

(Niraj Verma)
Director Tfc. Trans (Chg.)-I
Railway Board

COPY TO:

1. EDPM, ED(C&IS), RAILWAY BOARD FOR INFORMATION AND NECESSARY ACTION.
2. SHRI UDIT RAJ, MP, T-22, ATURL GROVE ROAD, CONNAUGHT PLACE, NEW DELHI-110001.

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशिः

पांच वर्ष	:	600 रुपए
एक वर्ष	:	150 रुपए

क्यों नहीं मुस्लिम या ईसाई की संख्या कम होती है और हिन्दू की ही होती है। क्यों धर्मांतरण हिन्दू ही करते हैं। लेखक ने बांग्लादेश में हिन्दुओं की आबादी पर चिंता की है। बेहतर होता कि हिन्दू धर्म के अंदर की खामियों को रेखांकित करते जो बार-बार कहते थकते नहीं कि हमारी महान परंपराएं हैं और हम विश्वगुरू हैं, क्या वे यह भी कहते हैं कि स्कूल में दलित बच्चों के साथ सवर्ण बच्चे खाते नहीं। दलित के हाथ से बने खाने को नन्हें-मुन्ने सवर्ण के बच्चे खाते नहीं हैं। कितना ज़हर समाज में घुला है और इसी वजह से कंबोडिया, इंडोनेशिया, बाली, श्रीलंका, ईरान, ईराक, पाकिस्तान, बांग्लादेश, आदि जगहों से हिन्दू धर्म खत्म हुआ। काश ! हिन्दू समाज में जात-पांत न होता तो मज़ाल कि भारत के बाहर रह रहे हिन्दू चाहे बांग्लादेश या पाकिस्तान में होते, उनको कोई असुरक्षित कर सकता? बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर एक और श्रेष्ठ भारत का निर्माण जातिविहीन समाज की स्थापना से करना चाहते थे। इजराइल छोटा सा देश है, बीसों दुश्मन देशों से घिरा है लेकिन काई उसका बाल-बांका नहीं कर सकता क्योंकि उनका समाज एक है।

– डॉ. उदित राज

पाकिस्तान बनता बांग्लादेश

बांग्लादेश में हाल में दस दिनों के भीतर अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जिस तरह से दो हमले हुए वह वहां लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर हमले दरअसल उस देश के लोकतंत्र पर ही सवाल है। पहले बांग्लादेश के ब्रातण बेड़िया जिले में हिंदुओं के कम से कम दस मंदिरों और सैकड़ों घरों को ध्वस्त कर दिया गया और उसके हफ्ताभर बीतते-बीतते उपजिला के मध्यमपाड़ा और दक्षिणपाड़ा में हिंदुओं के कई घरों में आग लगा दी गई। इसी वर्ष जून महीने में बांग्लादेश में चार हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी, जिसमें से दो लोग मंदिरों के रखरखाव से जुड़े थे। इस समय बांग्लादेश में कहीं हिंदू तो कहीं बौद्ध भिक्षु निशाना बन रहे हैं तो कहीं ईसाई समुदाय के लोग। बांग्लादेश में इस समय के हालात 1992 के हालात की याद को ताजा कर रहे हैं। अयोध्या में विवादित ढांचे के ध्वंस को आधार बनाते हुए 1992 में बांग्लादेश में हिंदुओं के 28 हजार रिहायशी मकानों, 22 सौ वाणिज्यिक उद्यमों और 36 सौ मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया गया था। तब बारह हिंदू मारे गए, दो हजार घायल किए गए और दो हजार महिलाओं व युवतियों के साथ ज्यादती हुई थी। 1 बांग्लादेश के हिंदू व बौद्धों की सबसे अधिक आबादी दौचंगा, मेहरपुर, जेसोर और डोनाइडाह जिलों में है और उन पर हमले भी वहीं होते रहे हैं। हमलों से बचने के लिए ही बांग्लादेश के अल्पसंख्यक वहां से पलायन करते रहे हैं। बांग्लादेश की आजादी के बाद से ही हिंदुओं का विस्थापन आरंभ हुआ। कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के अत्याचार से तंग आकर 1974 से 1991 के बीच रोज औसतन 475 लोग यानी हर साल एक लाख 73 हजार 375 हिंदू हमेशा के लिए बांग्लादेश छोड़ने को बाध्य हुए। यदि उनका पलायन नहीं हुआ होता तो आज बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों की आबादी सवा तीन करोड़ होती। 1947 में पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में हिंदुओं की आबादी 28 प्रतिशत थी, जो 1951 में 22 प्रतिशत, 1961 में 18.5 प्रतिशत, 1974 में 13.5 प्रतिशत, 1981 में 12.13 प्रतिशत, 1991 में 11.6 प्रतिशत और आज घटकर 8.2 प्रतिशत हो गई है। बांग्लादेश की करीब 16 करोड़ आबादी में से अल्पसंख्यकों की तादाद सवा करोड़ है, जो फिलहाल खौफ में जीने को विवश हैं। हमलों से बचने के लिए बांग्लादेशी हिंदू भागकर बंगाल, त्रिपुरा और असम में आश्रय लेते रहे हैं। विडंबना यह है कि बांग्लादेश में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं और भारत आने पर उन्हें रिफ्यूजी या घुसपैठिया कहा जाता है। बांग्लादेश के जो हिंदू भारत आ गए वे कभी नहीं लौटे। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी भी बंगाल और अन्यत्र आकर सम्मानपूर्वक रह लेते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, फेरी लगाते हैं, रिक्शा खींचते हैं और तरह-तरह के काम कर पैसा कमाकर जीवन काटते हैं, किंतु उस पार लौटने की सपने में भी नहीं सोचते। 1 बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के पलायन के मूलतरू पांच कारण हैं। ये हैं-सांप्रदायिक उत्पीड़न, सांप्रदायिक हमले, शत्रु अर्पित संपत्ति कानून, देवोत्तर संपत्ति पर कब्जा और सरकारी नौकरियों में हिंदुओं की उपेक्षा एवं भेदभाव। बांग्लादेश में शत्रु अर्पित संपत्ति कानून और देवोत्तर संपत्ति पर कब्जे ने अल्पसंख्यकों को कहीं का नहीं छोड़ा है। इसके अलावा उस पार हिंदुओं को भारत का समर्थक अथवा

(शेष पेज 5 पर....)

आगामी रैली से संबंधित पोस्टर का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

(पेज 4 का शेष ....)

एजेंट अथवा काफिर कहकर गाली दी जाती है। इसे बांग्लादेश से हिंदुओं को भगाने के इस्लामी जिहाद के रूप में भी देखा जा सकता है। जिस तरह वहां के इस्लामी कट्टरपंथी हिंदुओं और बौद्धों पर आक्रमण कर रहे हैं उसका एकमात्र मकसद देश को अल्पसंख्यकों से पूरी तरह खाली करा लेना है। सवाल है कि कट्टरपंथी क्या बांग्लादेश को एक दूसरा पाकिस्तान बनाना चाहते हैं? बांग्लादेश एक लोकतांत्रिक देश है और इसीलिए पाकिस्तान के कई शुभ बुद्धि संपन्न बुद्धिजीवी तक मानते हैं कि बांग्लादेश लोकतंत्र के मामले में पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान इस मामले में

नाकामी का खतरा 16

शेख हसीना यदि बांग्लादेश को कट्टरता के दौर से बाहर नहीं निकाल पातीं तो उनके शासनकाल की यह एक बड़ी विफलता मानी जाएगी।

बड़ा अभागा देश है कि वहां एक समूची पीढ़ी सैनिक शासन में पली और बड़ी हुई। लोकतंत्र के कमजोर होने के कारण ही पाकिस्तान में तालिबानी ताकतें फल-फूल रही हैं। वहां लोकतंत्र लगभग बंदूक की नोक पर चल रहा है। बांग्लादेश को आज यदि पाकिस्तान से बेहतर माना जा रहा है तो इसलिए कि किसी भी देश की प्रतिष्ठा इसी से बनती है कि अल्पसंख्यकों के प्रति वहां कैसा व्यवहार होता है। आज सबसे बड़ी चिंता दुनिया में हर जगह बहुसंख्यक द्वारा अल्पसंख्यक का सांप्रदायिक उत्पीड़न है। बांग्लादेश के संदर्भ में भी यही सही है। इसलिए मजूबत लोकतांत्रिक देश के रूप में बनना या बिगड़ना, दोनों चीजें बांग्लादेश के हाथ में हैं। यदि बनना है और पाकिस्तान से बेहतर छवि बनाए रखनी है तो अल्पसंख्यकों पर जुल्म रोकने के लिए उसे कठोर कदम उठाने होंगे। अल्पसंख्यकों पर हमले जारी रहने से बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल होती है। इसलिए बांग्लादेश यदि अल्पसंख्यकों पर हमले नहीं रोकता तो वह अपनी गरिमा और आभा खो देगा। बांग्लादेश में यदि अल्पसंख्यकों के भीतर बैठा भय दूर नहीं किया जाता तो वह उस देश में लोकतंत्र के कमजोर पड़ने का प्रमाण होगा और जब तक वहां लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा तो अग्रगामी व प्रगतिशील ताकतें भी मजबूत नहीं होंगी। इसलिए अल्पसंख्यकों पर हमले करने वालों को कुचलने के लिए बांग्लादेश सरकार को तेजी से सक्रिय होना होगा। वहां धर्मनिरपेक्षता के पैरोकार अब और अधिक खामोश न रहें। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अल्पसंख्यकों की रक्षा सुनिश्चित करने का ठोस रास्ता निकालना होगा। शेख हसीना यदि बांग्लादेश को कट्टरता के दौर से बाहर नहीं निकाल पातीं तो उनके शासनकाल की यह एक बड़ी विफलता मानी जाएगी।

(लेखक : कृपाशंकर चौबे, महात्मा गांधी हिंदी विश्वविद्यालय के कोलकाता केंद्र के प्रभारी हैं)

✦ ✦ ✦

चलो दिल्ली ! चलो दिल्ली !! चलो दिल्ली !!!








EDUCATE AGITATE ORGANISE

NSOSYF

NATIONAL SC,ST,OBC STUDENT & YOUTH FRONT

डॉ. उदित राज
राष्ट्रीय अध्यक्ष परिसंघ
एवं मुख्य मार्गदर्शक नसोसवाईएफ

महारैली

28 नवंबर, 2016,(सोमवार) प्रातः 11 बजे
रामलीला मैदान, नई दिल्ली

मुख्य मांगे : ◆ निजी क्षेत्र, पदोन्नति, सेना और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण दो। ◆ इंटर तक 3000 रूपये, एम.ए. तक 5000 रूपये प्रतिमाह एवं शोध करने वाले सभी छात्रों को राजीव गांधी एवं मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप मिले, ◆ बुध्द, फुले, साहू, पेरियार एवं बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी को गांधी जी एवं नेहरू की तरह पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ◆ सभी छात्र-छत्राओं को छात्रावास मुहैया कराया जाए ◆ सभी राज्यों में लिंगदोह समिति की सिफारिशें लागू की जाए।

इन माँगो को लेकर हम पहुँच रहे है, दिल्ली के रामलीला मैदान पर आप सभी भारी संख्या में आकर इस आन्दोलन का हिस्सा बने।

प्रताप सिंह अहिरवार राष्ट्रीय समन्वयक, मो. 9630511720, **अजय पासवान** राष्ट्रीय सचिव, मो. 9470410542

निवेदक :- महाराष्ट्र :- बालाजी कोंडामंगल, अजित कांबले, रवि सुर्यवंशी, स्वप्निल मुले, सतिश वागरे, स्वप्निल कांबले, **मध्य प्रदेश :-** सतेन्द्र सेगर, ए. सेन्डी सिंह, प्रकाश अहिरवार, हेमंत उपाध्याय, सचिन पटेल, प्रशांत चंदलेकर, **राज्यस्थान :-** भमर भादू, अशोक कुमार सिरणा, लक्ष्मण मीणा, लोकेश मेघवाल, **बिहार:-** विकास पासवान, आनन्दवर्धन पासवान, डॉ. ओम प्रकाश, रवि महेन्द्र, **पंजाब :-** नरेन्द्र सिंह, **उत्तराखंड :-** नितिन लामयान, **गुजरात :-** प्रकाश वनकर, **उत्तरप्रदेश :-** अलोक कुमार, नेरश कुमार, राजेश कुमार, हरिओम, अंकित चक, **दिल्ली :-** बुध्दरत्न, **छत्तीसगड :-** सुर्या रात्रे, **आध्रा प्रदेश :-** चेराबंडु राजा

मध्य प्रदेश :- मुकेश योगी, मनीष बरवे, अनिरूध्द मोरे, प्रदिप खटकर, बंटी अहिरवार, धर्मेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, वृजेश आर्य, देवराज चौहान, विक्रम अनगोरे, पवन टान्डेकर, राजमल करोले, हेमंत सोलंकी, राजेन्द्र नरगांवे, सागर गवले, अनिल बडोले, मयुर चौहान, लोकेश गोरे, निलेश दत सुर्यवंशी, भुपेन्द्र अहिरवार, मुन्ना लाल, निखिल,विजय, यस. चौधरी, कमलाकांत, भागचन्द्र अहिरवार, रविन्द्र अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार, राजेश सिंह सुर्यवंशी, राहुल वर्मा, अतुल अहिरवार, माया राम, राज कुमार सरगम, राम अवतार, राजेश अहिरवार, राजेश निगम, रोहित कदम, अरविंद बोहरे, जेकी, रती राम अहिरवार, अभिजीत, कवि भिन्डे, रोशन मेहरा, राजेश ध्रुवे, प्रदीप, रश्मि अहिरवार, बृजेश, मोनिका, बबली अहिरवार, सुरेश अहिरवार, लोकेश कुमार, राहुल पांडे, **महाराष्ट्र :-** प्रविण रायबोले, संघरत्न निवंडगे, गणेश येरेकर, संदिप इंगले, प्रकाश दिपके, धम्मापाल वाढवे, मंगेश गाडगे, प्रसेंनजित गायकवाड, किरन खंदारे, किरन आंदेगांवकर, अजय जाधव, वैभव येरेकर, संचिन मुले, भीमा जोगदंड, विवेक शेवाले, राजरत्न पंडित, किरन पोले, काजल कांबले, कोमल कांबले, सचिन कांबले, सतिश महामुने, विश्वजित कांबले, राहुल वाठोरे, प्रविन सावले, रोशन अंबोरे, किशोर कांनिदे, मंगेश वानखेडे, कुमार गौरव, सुरज गवली, अविनाश कांबले, सतिश आठवले, गौतम गायकवाड, अमोल भालेराव, आकश हिवराले, माया फुलमाली, **राजस्थान:-** राहुल बिलोटीया, इन्द्रराज, पवन कुमार,अनिल पठोदिया,रमेश चौहान, अशोक, छगनलाल, झलक रेगर, नैनाराम पावा, पिन्टु कुमार, हेमराज, प्रकाश, नेमीचंद, भानाराम, सद्दाम हुसैन, कमलेश बोस, सुरेश राणा, महेन्द्र गुंडाप्रताप, लोकेश कुमार, लेख राज, जय प्रकाश, प्रहलाद सागर, राजु देओल, राहुल, तेलेश कुमार, प्रवीण जेलिया, **बिहार :-** राहुल रजक, अमरज्योति पसवान, सुरेन्द्र आजाद, सुरेन्द्र चौधरी, **हरीयाणा:-** कशमिर राण्गा, पवन कागरा, मनु खन्ना,किरन पाल, रवि महेन्द्र, **पंजाब:-** सुरिन्दर पाल छब्बु, दिलीप कुमार, हरजिन्द्र सिंह, अमित कुमार(अप्पु), **उत्ताराखंड:-** राहुल रॉय, बिपिन कुमार, रितिष लामयान, गोपाल पांवार, नितिन राय, अजय कुमार, राहुल कुमार, **पश्चिम बंगाल :-** कोयल बिश्वास, **कर्नाटक :-** शिव कांबले, शाम भावीकटे, सुनील गुलबर्गे, धर्म प्रकाश, गौतम खेरडे, **गुजरात :-** प्रशांत मोरी, अनंद परमार, हितेश सुतारिया, **आसाम :-** डॉ.आमलद, **उत्तर प्रदेश :-** श्रवण कुमार राज, अभिषेक चक, शैलेन्द्र, सुमित कुमार, राघवेन्द्र पाल, रामवीर, राहुल, रवि सिंह रब्बा, राजेश कुमार, अमित कुमार, प्रभाकर, प्रमोद कुमार, लोकेश कुमार, कुलदीप राजपुत, जोनी लहरी, विमल कुमार, सुभाष चन्द्र, मुलायम सिंह, रविकांत, चंद्रशेखर, **आध्रा प्रदेश :-** अनिल कुमार, नागेश्वर राव,नित्य कुमार, **दिल्ली :-** बृजपाल, रणवीर, हीरालाल, प्रवीण, साजिद अहमद, मीनाबोध्द, ज्योति, कोमल, विमलेश, रोहित, गौतम, वंदना, कुलदिप, रवि, अमित, रामनारायण, आदित्य, सपना, कर्तार सिंह, फूल सिंह, अभिषेक, **छत्तीसगड :-** सुमित सतनामी, खानचन्द्र कोसरीया, दीपक कोसरीया, कल्याण हरवंश, बलराम तारक, विजय रात्रे

मा. डी. हर्षवर्धन
राष्ट्रीय अध्यक्ष नसोसवाईएफ

पत्राचार :- रूम नं 7 विठ्ठल भाई पटेल हाउस, पटेल चौक, नई दिल्ली - 110001

www.facebook.com/ harshvardhan dawane
www.facebook.com/Pratap Singh Ahriwar

h.dawane2013@gmail.com,
pratapsinghahriwar6@gmail.com

7709975562, 9630511720, 9470410542,
7588526831, 9921762669, 8380876777

Look Who's Talking

The most vociferous critics of reforms in Hindu law are now arguing for the UCC

Faizan Mustafa

"The best way to reform Mohammedan law is not to reform it at all. Let its inconvenient and archaic features wither away. Once it is accepted that this is the policy, it will wither away fast enough. If there is a frontal attack on personal law, it will survive with a tenacity it has been unable to show in countries where the majority of the population are and always have been Muslims," said eminent jurist Duncan M. Derrit. This author is for uniform civil code in a piecemeal manner.

The article by RSS ideologue M.G. Vaidya ('The price of personal law', IE, November 1) has done a great disservice to the Uniform Civil Code (UCC) debate as he has explicitly said that Muslims and Adivasis should lose their right to vote in Parliament and state assembly elections if they refuse to accept the UCC. So the cat is finally out of the bag.

